# कार्यालय कलेक्टर (शिक्षा विभाग) जिला बस्तर जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/560 /उ.अं.मा.वि./संविदा/विज्ञापन/2021, जगदलपुर दिनांक 28/05/2021

## –: विज्ञापन :–

लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. नया रायपुर का पत्र क्र./स्वा.आ.अं.मा./2021–22/161 रायपुर दिनांक 10.05.2021 एवं पत्र क्रमांक/एफ 23–8/2020 /20–3/6 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 03/07/2020 तथा समय–समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर/बकावण्ड/तोकापाल/लोहण्डीगुड़ा/दरभा/बास्तानार में 06 नवीन स्वीकृत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में निम्नानुसार संविदा पर शिक्षक संवर्ग एवं अन्य पदों पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति किया जाना है। इस हेतु योग्य उम्मीदवारों से विज्ञापन में निहित शर्तो के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपना आवेदन पत्र **जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बस्तर जगदलपुर पिन कोड–494001** के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्रेषित करें। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नही किए जावेंगे। आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 12.06.2021 दिन–शनिवार सांय 5:30** बजे तक होगी। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | पद का नाम | पदों की विषयवार संख्या विषय | संख्या | आरक्षण वर्ग | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | हिन्दी – | 05 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी0एड0 प्रशिक्षित। संस्कृत एवं हिन्दी विषय हेतु अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने की बाध्यता शिथिल रहेगी। |
| | | अंग्रेजी – | 04 | अनारक्षित | |
| | | संस्कृत – | 05 | अनारक्षित | |
| | | गणित – | 05 | अनारक्षित | |
| | | जीव विज्ञान – | 05 | अनारक्षित | |
| | | वाणिज्य – | 06 | 03पद अनारक्षित<br>03 पद अजजा | |
| | | रसायन – | 03 | अनारक्षित | |
| | | भौतिकी – | 04 | अनारक्षित | |
| | | सामाजिक अध्ययन– | 06 | अनारक्षित | |
| 2 | शिक्षक (पूर्व.मा. शाला) | संस्कृत – | 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उपाधि एवं बी0एड0 प्रशिक्षित। (संस्कृत विषय के शिक्षक हेतु अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य नहीं है किन्तु अभ्यर्थी की स्नातक परीक्षा में संस्कृत साहित्य एक विषय अनिवार्य रूप से रहा हो, इसी प्रकार से अंग्रेजी विषय के शिक्षक हेतु अभ्यर्थी की स्नातक परीक्षा में अंग्रेजी साहित्य एक विषय होना अनिवार्य है)। |
| | | अंग्रेजी – | 06 | अनारक्षित | |
| | | विज्ञान – | 06 | अनारक्षित | |
| | | गणित – | 06 | अनारक्षित | |
| 3 | सहायक शिक्षक (प्राथमिक शाला) | विज्ञान – | 18 | 06 पद अनारक्षित<br>12 पद अजजा | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान/गणित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी0एड0/ डी0एल0एड0 प्रशिक्षित। |
| | | कला – | 12 | 06 पद अनारक्षित<br>06 पद अजजा | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में कला विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी0एड0/डी0एल0एड0 प्रशिक्षित। |
| 4 | प्रयोगशाला सहायक | विज्ञान – | 18 | 06 पद अनारक्षित<br>12 पद अजजा | मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान/गणित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 5 | प्रधान अध्यापक (प्राथमिक शाला) | – | 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातक एवं बी0एड0/डी0एड0/ डी0एल0एड0 प्रशिक्षित तथा किसी शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय में लगातार 05 वर्षों के अध्यापन कार्य का अनुभव। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | प्रधान अध्यापक (पूर्व माध्यमिक शाला) | — 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातकोत्तर परीक्षा एवं बी0एड0 प्रशिक्षित तथा किसी शासकीय/अनुदान प्राप्त/अशासकीय अंग्रेजी माध्यम माध्यमिक विद्यालय में लगातार 05 वर्षों के अध्यापन कार्य का अनुभव। |
| 7 | कम्प्यूटर शिक्षक | — 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ अंग्रेजी माध्यम से बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस/बी.ई./बी. टेक. कम्प्यूटर साईंस, बी.सी.ए. एवं अन्य समकक्ष योग्यता। |
| 8 | व्यायाम शिक्षक | — 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा के साथ बी.पी.एड./डी.पी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 9 | ग्रंथपाल | — 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा के साथ बी.लिब./डी.लिब. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 10 | सहायक ग्रेड–02 | — 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं शासकीय/अर्द्वशासकीय या मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में पी.जी.डी.सी.ए. या समकक्ष योग्यता तथा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाईपिंग का 5000 (KEY) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। |
| 11 | सहायक ग्रेड–03 | — 06 | अनारक्षित | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंको के साथ बारहवीं (10+2) उत्तीर्ण एवं शासकीय/अर्द्वशासकीय या मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र या समकक्ष योग्यता तथा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में टाईपिंग का 5000 (KEY) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति। |
| 12 | भृत्य | — 24 | 06 अनारक्षित<br>06 अपिव<br>12 अजजा | कक्षा 8वीं परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण एवं जिनकी अंकसूची में ग्रेड अंकित है उन अंकसूचियों में ग्रेड निर्धारण हेतु अंकों की सीमा अनिवार्य रूप से दर्शित हो। |
| 13 | चौकीदार | — 06 | अनारक्षित | कक्षा 8वीं परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण एवं जिनकी अंकसूची में ग्रेड अंकित है उन अंकसूचियों में ग्रेड निर्धारण हेतु अंकों की सीमा अनिवार्य रूप से दर्शित हो। |

**चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा–निर्देश एवं शर्ते :–**

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी नवीन प्रचलित संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अधीन होगी।
2. आवेदकों द्वारा अपनी संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
3. अंग्रेजी माध्यम से शैक्षणिक योग्यता ग्रहण करने वाले अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अपनी न्यूनतम अहर्तादायी बोर्ड/विश्व–विद्यालयीन परीक्षा हिन्दी माध्यम से उत्तीर्ण की है, और उन्हें किसी मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में समकक्ष पद एवं विषय पर अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन कार्य का 05 वर्ष लगातार सेवा का अनुभव रखते हों, उनके आवेदन पर भी विचार किया जावेगा।
4. जिले के स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी। स्थानीय योग्य उम्मीदवार नहीं पाये जाने की स्थिति में जिले के बाहर के उम्मीदवार के आवेदनों पर विचार किया जावेगा।
5. संस्कृत एवं हिन्दी विषय के अध्यापन हेतु अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन/अध्यापन की बाध्यता शिथिल होगी।
6. व्याख्याता, सामाजिक विज्ञान विषय के अन्तर्गत स्नातकोत्तर राजनीति/इतिहास/अर्थशास्त्र/भूगोल विषय में अंग्रेजी माध्यम से शालेय एवं महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने वाले स्नातकोत्तर तथा बी0एड0 की उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।
7. सहायक ग्रेड–02 एवं सहायक ग्रेड–03 के पद हेतु कम्प्यूटर टाईपिंग में कौशल–परीक्षा ली जावेगी जिसमें प्राप्तांकों के आधार पर उक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जावेगी।

8. निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छान–बीन उपरान्त अभ्यर्थियों की सूची दावा–आपत्ति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी एवं उसे एन.आई.सी. के वेब–पोर्टल पर भी देखा जा सकेगा।
9. दावा–आपत्ति उपरान्त मेरिट अनुक्रम के आधार पर एक पद के विरूद्ध 5 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। जिस हेतु आवेदक के डाक पते पर सूचना पृथक से दी जावेगी। सभी आवेदक अपना मोबाईल–नम्बर (व्हाट्स–एप्प नम्बर) अपने आवेदन में अनिवार्य रूप से दर्शायें।
10. अभ्यर्थियों के न्यूनतम अहर्तादायी परीक्षा में प्राप्त अंकों का 70% एवं साक्षात्कार में पूर्णांक 30 में से प्राप्त अंकों के योग में से मेरिट सूची तैयार की जावेगी जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को चयन मेरिट अनुक्रम के आधार पर किया जावेगा। सभी पदों हेतु साक्षात्कार लिया जावेगा।
11. आवेदन–पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को स्व–प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।
12. आवेदक को लिफाफा के उपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम एवं विषय का नाम उल्लेखित करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण एवं त्रृटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेगें। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।
13. आवेदन के साथ अभ्यर्थियों को पांच रूपये का डाक टिकट चस्पा किया हुआ स्वंय का वर्तमान निवास का पता लिखा दो लिफाफे संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
14. विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ ही मान्य होगीं।
15. छ0ग0 के मूल निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
16. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
17. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2021 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2021 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उम्र में शासन के नियमानुसार अधिकतम आयु–सीमा में छूट का प्रावधान होगा।
18. शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा–वेतन देय होगा।
19. संविदा नियुक्ति 03 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी वर्ष के लिए निरन्तर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
20. संविदा अवधि के दौरान एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज् में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
21. एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
22. आवेदन पत्र की उपलब्धता :– आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी बस्तर जिलें के वेबसाईट www.bastar.gov.in पर देखी जा सकती है। दावा आपत्ति/साक्षात्कार हेतु मेरिट सूची एवं चयन सूची भी वेब–साईट पर अपलोड की जावेगी।
23. विज्ञापन पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
24. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
25. संविदा भर्ती में किसी भी प्रकार के आपत्ति/विवाद का निराकरण कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष
स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिला–बस्तर

# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर जगदलपुर

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी उ.मा. विद्यालय, जिला–बस्तर

**संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप वर्ष–2021**

| |
|---|
| स्वयं द्वारा सत्यापित पासपोर्ट साईज फोटो |

**आवेदित पद का नाम.......................................... विषय...............................**

**आवेदित संस्था का नाम संलग्न शालाओं की सूची में से प्राथमिकता कम में**

| | |
|---|---|
| 1. | 4. |
| 2. | 5. |
| 3. | 6. |

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–बस्तर जगदलपुर

1– आवेदक का नाम (हिन्दी में) ..........................................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ..........................................................................

2– पिता/पति का नाम (हिन्दी में) ..........................................................................
(अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ..........................................................................

3– लिंग ..........................................................................

4– जन्म तिथि (अंको में) ..........................................................................
(शब्दों में) ..........................................................................

5– जाति वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व/सामान्य)
(अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.व की स्थिति में सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

6– आयु (दिनांकः 01.01.2021) की स्थिति में वर्ष......................माह................ दिन.............

7– छत्तीसगढ़ के मूल निवास का विवरणः जिला–...................तहसील–........................ग्राम–........
(सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

8– रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक व नवीनीकरण तिथि..................................................
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9– वर्तमान पता ..........................................................................
..........................................................................

10– स्थायी पता
..........................................................................
..........................................................................

11– ई–मेल एड्रेस एवं मोबाईल नम्बर ..........................................................................

12— शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताः—

| क्र | परीक्षा का नाम | शिक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय व संकाय | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी/ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 8 वीं | | | | | | | |
| 2 | 10वीं | | | | | | | |
| 3 | 12वीं | | | | | | | |
| 4 | स्नातक | | | | | | | |
| 5 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 6 | डी.एड./डी. एल.एड. | | | | | | | |
| 7 | बी.एड. | | | | | | | |
| 8 | बी.पी.एड. | | | | | | | |
| 9 | बी.लीब./डी. लीब | | | | | | | |
| 10 | अन्य योग्यताएं | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

**संलग्न प्रमाणपत्रों की सूचीः—**

अ. शैक्षणिक योग्यता अंतर्गत 8वीं/10वीं/12वीं/स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा के अंक सूची की छायाप्रति।
ब. व्यावसायिक एवं अन्य योग्यताओं के परीक्षाओं के अंकसूची की छायाप्रति।
स. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
द. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
ई. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

**अभ्यर्थी का घोषणा पत्रः—**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र के बिन्दु क्रमांक 01 से 12 तक में दी गई सम्पूर्ण जानकारी सत्य है। किसी भी प्रकार की गलत जानकारी प्रस्तुत करने के कारण मुझे चयन प्रक्रिया से निष्कासित किया जा सकता है एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। मैने यह आवेदन पत्र सम्पूर्ण विज्ञापन को पढ़कर एवं समझ कर भरा है।

स्थान :— ————————

दिनांक :— ————————

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम :————————

# शालाओं की सूची

1. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालक बस्तर
2. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल
3. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करपावण्ड वि.ख.बकावण्ड
4. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोहण्डीगुड़ा
5. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दरभा
6. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बास्तानार